**प्रेस नोट दिनांक 14.05.2025**
**थाना बारादरी बरेली**

**थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा “आपरेशन नाकाबन्दी” के अन्तर्गत 02 शातिर चोरो को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के माल आभूषण (कीमती 04 लाख 72 हजार रूपये), नगद 2200 रू0 एवं 02 चोरी की मोटर साइकिल बरामद।**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाये गये ऑपरेशन नाकाबन्दी के तहत थाना बारादरी पुलिस टीम द्वारा महत्वपूर्ण नाके पर चैकिंग के दौरान संजय नगर माधौबाडी से 02 अभियुक्तगण 1.सलीम पुत्र अलीम नि0 हजियापुर थाना बारादरी बरेली उम्र 22 वर्ष 2. हिमाशु भाटिया पुत्र बब्लू जोशी नि0 एटीएम के सामने वाली गली मो0 संजयनगर थाना बारादरी बरेली उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी के 02 जोडी सोने के टॉप्स व 02 सोने के हार, 02 अगूठी सोने की व 02 जोडी पायल चांदी की, 04 बिछुआ चांदी (कुल कीमत 4 लाख 72 हजार रूपये), नगद 2200 रुपये तथा 02 चोरी की मोटरसाइकिले बरामद की गयी है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 488/2025 धारा 318(4)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण से बरामद सोने चांदी के जेवरात व पैसा तथा 01 मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में दिनांक 06.05.2025 को थाना प्रेमनगर बरेली की रेखा सिंह पत्नी प्रदीप सिंह निवासी -61डी गुप्ता आटा चक्की के पास इन्द्रानगर बरेली की सूचना पर थाना प्रेमनगर पर मु0अ0सं0 170/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत है तथा एक मोटर साईकिल जिसे अभियुक्तों ने आरिश लॉन से चोरी किया है, के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है । गिरफ्तार शुदा अभियुक्तो के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः –**
**सलीम पुत्र अलीम नि0 हजियापुर थाना बारादरी बरेली**

1. मु0अ0सं0 400/2025 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना बारादरी बरेली ।
2. मु0अ0सं0 488/2025 धारा 318(4)/317(2) बीएनएस थाना बारादरी बरेली ।
3. मु0अ0सं0 170/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना प्रेमनगर बरेली ।

**हिमाशु भाटिया पुत्र बब्लू जोशी नि0 एटीएम के सामने वाली गली मो0 संजयनगर थाना बारादरी बरेली**

1. मु0अ0सं0 732/2023 धारा 379/411 भादवि थाना बारादरी बरेली ।
2. मु0अ0सं0 488/2025 धारा 318(4)/317(2) बीएनएस थाना बारादरी बरेली ।
3. मु0अ0सं0 170/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना प्रेमनगर बरेली ।

**पूछताछ विवरण**

अभियुक्तों ने पूछताछ पर संयुक्त रुप से बताया कि हम दोनो लोग नशे के आदी है। नशा करने के लिए जब पैसा नही मिलता है, तो छोटी मोटी चोरिया कर लेते थे। किन्तु उनसे काम नही चल पाता था तो तब हम लोगो ने बडी चोरी करने का फैसला किया और रेकी कर दिनांक 05.05.2025 की रात्रि में प्रेमनगर इन्द्रा नगर कालोनी से एक घर में घुसकर रात में चोरी की थी तथा चोरी करने के बाद वही पास में खडी नई मो0सा0 भी चुरा ली थी। आज चोरी किये गये सामान को बेचने के लिए पूरनपुर पीलीभीत जा रहे थे कि पुलिस ने पकड लिया।

**बरामदगीः-**

1. दो जोडी सोने के टॉप्स
2. दो सोने के हार
3. दो अगूठी सोने की
4. दो जोडी पायल चांदी की
5. चार बिछुआ चांदी (बरामद जेवर की कुल कीमत करीब 4 लाख 72 हजार रूपये )
6. नगद 2200 रुपये
7. एक सुपर स्प्लेण्डर काले रंग की नई
8. एक स्प्लेण्डर जिसका चैचिस नं0 स्पष्ट नही नम्बर प्लेट मौजूद नही है ।

**गिरफ्तारी/बरामदगी टीम का विवरणः-**

1. प्र0नि0 धनन्जय कुमार पाण्डेय थाना बारादरी बरेली ।
2. उ0नि0 कुशलपाल सिंह चौकी प्रभारी मॉडल टाउन थाना बारादरी बरेली
3. हे0 का0 534 आशीष कुमार थाना बारादरी बरेली
4. हे0का0 211 तेज सिहं थाना बारादरी बरेली
5. का0 2893 सिद्धान्त चौधरी थाना बारादरी बरेली
6. का0 604 रामपाल सिंह थाना बारादरी बरेली।